मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-288
13/09/2024

# मुख्यमंत्री ने विश्वेश्वरैया भवन के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास कार्य के अंतर्गत जी प्लस 7 भवन का किया उद्घाटन

- **भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी की पुनर्स्थापित मूर्ति का अनावरण कर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि**

पटना, 13 सितंबर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज विश्वेश्वरैया भवन के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास कार्य के अंतर्गत जी प्लस 7 भवन के शिलापट्ट का अनावरण एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने विश्वेश्वरैया भवन के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास कार्य के अंतर्गत जी प्लस 7 भवन के प्रांगण में भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी की पुनर्स्थापित मूर्ति का अनावरण कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने विश्वेश्वरैया भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने विश्वेश्वरैया भवन के छठे तल पर स्थित भवन निर्माण विभाग एवं सातवें तल पर स्थित पथ निर्माण विभाग का निरीक्षण कर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने साइट प्लान के माध्यम से विश्वेश्वरैया भवन के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास कार्य, बेसमेंट पार्किंग, लाइटिंग आदि के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। श्री कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को बताया कि बेसमेंट पार्किंग में दो सौ से ज्यादा वाहनों को पार्क करने की सुविधा उपलब्ध है। विश्वेश्वरैया भवन के छठे तल पर स्थित कॉन्फ्रेंस सह लाइब्रेरी हॉल में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से हाई राइज बिल्डिंग के निर्माण संबंधी 'डिजाइन यूनिट' के विषय में भवन निर्माण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री को जानकारी दी गयी। प्रस्तुतीकरण में बेनिफिट्स ऑफ डिजाइन यूनिट, बीम, कॉलम, स्ट्रक्चरल मॉडल विथ ऑल लोडिंग, सॉफ्टवेयर बेस्ड एनालिसिस, मैनुअल बेस्ड एनालिसिस, एनालिसिस रिजल्ट आदि के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी गयी। मुख्यमंत्री ने विश्वेश्वरैया भवन के छठे तल पर डिजाइन यूनिट के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने विश्वेश्वरैया भवन के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास कार्य के अंतर्गत जी प्लस 7 भवन के ऊपरी तल पहुंचकर आसपास के इलाकों का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि इस पूरे भवन की नियमित रूप से साफ–सफाई हो और ठीक ढंग से मेनटेन रहे, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। भवन के सबसे ऊपरी तल पर सोलर प्लेट अवश्य लगायें। यह भवन काफी सुंदर और भव्य बन गया है, जिसमें कई महत्वपूर्ण विभाग संचालित है। अब यहां के लोगों को काम करने में काफी सहूलियत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने विश्वेश्वरैया भवन के प्रांगण का निरीक्षण कर पुराने भवन की स्थिति का भी जायजा लिया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा एवं निर्देशन में विश्वेश्वरैया भवन के उन्नयन का कार्य वर्ष 2019 में प्रारंभ किया गया। उन्नयन कार्य के अन्तर्गत भवन के फसाड का

उन्नयन, बेसमेंट पार्किंग का निर्माण, भवन के उपर एक अतिरिक्त (7वें) तल का निर्माण तथा भवन निर्माण विभाग के कार्यालय हेतु विश्वेश्वरैया भवन के पुराने भवन के पश्चिम दिशा में एक 07 मंजिले नए भवन के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। इस योजना की कुल लागत 73.17 करोड़ रूपये है।

इस योजना के अन्तर्गत पुराने भवन के ऊपर एक अतिरिक्त तल (7वें तल) का निर्माण किया गया है जिसका कुल निर्मित क्षेत्रफल 19874 वर्गफीट है। इसमें से 13,730 वर्गफीट पथ निर्माण विभाग को तथा 6,144 वर्गफीट भवन निर्माण विभाग को आवंटित किया गया है।

भवन के सामने अवस्थित भवनों को तोड़कर बेसमेंट पार्किंग का निर्माण किया गया है जिसका कुल निर्मित क्षेत्रफल 55414 वर्गफीट है। इसमें 204 चार पहिया वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था है। मुख्यमंत्री के द्वारा दिनांक–10.11.2023 को बेसमेंट पार्किंग का लोकार्पण किया गया था।

विश्वेश्वरैया भवन के पुराने एवं नए भवन के बाहरी आवरण का निर्माण अत्यंत आकर्षक ढंग से किया गया है। इसे और मनोरम बनाने हेतु फसाड लाईटिंग किया गया है, जो रात्रि प्रहर इस भवन को अत्यंत आकर्षक रूप प्रदान करता है।

बेसमेंट पार्किंग के ऊपर एक सुंदर लैंडस्केपिंग किया गया है। मुख्यमंत्री के निदेशानुसार भारत रत्न विश्वेश्वरैया जी के प्रतिमा को आकर्षक रूप प्रदान करने हेतु प्रतिमा को पुराने स्थल से स्थानांतरित कर नवनिर्मित लॉन के बीच स्थापित किया गया है, जिसका आज मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा किया गया है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार, कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******